Seattle Public Utilities

# स्ट्रॉ और बर्तन

हिंदी Hindi

प्रिय ग्राहक,

इस पत्र के माध्यम से खाद्य सेवा व्यवसायों को यह सूचित किया जाता है कि सिएटल में 1 जुलाई, 2018 से प्लास्टिक के बर्तनों, प्लास्टिक के स्ट्रॉ और प्लास्टिक के कॉकटेल पिक्स का प्रयोग प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। अनुपालन विकल्पों में टिकाऊ या खाद में परिवर्तित किए जा सकने वाले बर्तन, स्ट्रॉ और कॉकटेल पिक्स शामिल हैं। अनुपालन स्ट्रॉ में खाद में परिवर्तित किए जा सकने वाले कागज या खाद में परिवर्तित किए जा सकने वाला प्लास्टिक शामिल हैं। प्रतिबंधित बर्तनों में निपटान किए जा सकने वाले प्लास्टिक के फॉर्क, प्लास्टिक के चम्मच, प्लास्टिक के चाकू, और प्लास्टिक के कॉकटेल पिक्स शामिल हैं।

**समय-सीमा:** वर्ष 2008 में सिएटल शहर ने इस प्रावधान के संबंध में एक अध्यादेश रखा कि पैकेजिंग और बर्तनों सहित एक बार में उपयोग किए जाने वाली खाद्य सेवा वस्तुएं रिसाइकल करने योग्य या खाद में परिवर्तित किए जा सकने वाली हों। सिएटल सार्वजनिक सुविधाओं द्वारा प्लास्टिक के बर्तनों तथा स्ट्रॉ सहित कई वस्तुओं के लिए वर्ष-दर-वर्ष छूट दी गई है। प्लास्टिक के बर्तन और स्ट्रॉ रिसाइकल करने योग्य नहीं होते। अब अनुमोदित खाद में परिवर्तित किए जा सकने वाले बर्तन तथा स्ट्रॉ का निर्माण करने वाली बहुत सी इकाइयां हैं, इन खाद्य सेवा वस्तुओं को अब वर्तमान आवश्यकताओं से और छूट नहीं दी जाएगी।

**प्रवर्तन:** SPU कर्मचारी लगातार सिएटल नगरपालिका संहिता की धारा 21.36.084 और 21.36.086 के अनुपालन की जांच करने के लिए सभी खाद्य सेवा व्यवसायों का निरीक्षण कर रहे हैं।

- खाद्य सेवा व्यवसायों को खाद में परिवर्तित किए जा सकने वाले या रिसाइकल करने योग्य खाद्य सेवा बर्तनों का उपयोग करना होगा (7/1/2010 से प्रभावी)।
- खाद में परिवर्तित किए जा सकने वाले और रिसाइकल करने योग्य बर्तनों तथा सामग्री के लिए एकत्रण पात्रों तथा एकत्रण सेवा का प्रयोग किया जाना चाहिए (7/1/2010 से प्रभावी)।
- विस्तारित पोलिस्टीरीन फोम खाद्य सेवा पैकेजिंग प्रतिबंधित है (1/1/2009 से प्रभावी)।
- प्लास्टिक के बर्तनों तथा प्लास्टिक की स्ट्रॉ संबंधी खाद्य सेवा बर्तनों का प्रयोग प्रतिबंधित है (7/1/2018 से प्रभावी)।
- खाद्य सेवा बर्तन अध्यादेश का अनुपालन न करने पर $250 का जुर्माना हो सकता है।

## कार्रवाई करें:

- ✔ प्लास्टिक के बर्तनों तथा स्ट्रॉ के वर्तमान स्टॉक का 1 जुलाई, 2018 से पहले उपयोग कर लें। यदि आप ऐसा नहीं कर पाते हैं तो कृपया एक अनुपालना समय-सारणी स्थापित करने के लिए नीचे दिए गए नंबर पर हमसे सम्पर्क करें।
- ✔ पैकेजिंग, बर्तन और स्ट्रॉ की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुपालक खाद्य सेवा बर्तनों को चुनें।
- ✔ बर्तन और स्ट्रॉ केवल अनुरोध किए जाने पर ही उपलब्ध कराएं और ग्राहकों द्वारा उनकी पसंद के बर्तन तथा स्ट्रॉ चुनने के लिए डिस्पेंसर का प्रयोग करें यदि वर्तमान में यह पद्धति नहीं है।
- ✔ कर्मचारी और ग्राहक क्षेत्रों में रिसाइकल करने योग्य तथा खाद में परिवर्तित किए जा सकने वाली सामग्री के लिए स्पष्ट रुप से चिह्नित एकत्रण पात्र रखें।
- ✔ खाद में परिवर्तित की जा सकने वाली और रिसाइकल करने योग्य सामग्री के लिए व्यावसायिक एकत्रण सेवा की व्यवस्था करें।

## मुफ्त सहायता

अतिरिक्त सूचना के लिए GreenBusiness@Seattle.Gov के माध्यम से या 206-343-8505 पर कॉल करके SPU से सम्पर्क करें या नीचे दिए गए एड्रेस पर SPU की वेबसाइट पर जाएं:Seattle.gov/util/GreenYourBusiness इस वेबसाइट पर आप अपने कर्मचारियों तथा उपभोक्ताओं को यह संप्रेषित करने के लिए कि खाद में परिवर्तित की जा सकने वाली तथा रिसाइकल करने योग्य सामग्री क्या होती है और सिएटल में क्या अपेक्षित है, कई प्रकार की मुफ्त सामग्री ऑर्डर कर सकते हैं। सिएटल को संसाधनों की रक्षा करने तथा बेकार सामग्री को कम करने में सहायता करने के लिए आपके सहयोग तथा प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद।

भवदीय,

सिएटल सार्वजनिक सुविधा
हरित व्यवसाय कार्यक्रम

For interpretation services please call 206-684-3000.
如需口譯服務請電 206-684-3000。
통역 서비스를 원하시면 206-684-3000 번으로 전화해 주십시오.
Wixii adeegyada turjubaanka fadlan wac 206-684-3000.
Para servicios de traducción, por favor llame al 206-684-3000.
Para sa serbisyo ng tagapagpaliwanag, tumawag sa 206-684-3000.
Muốn yêu cầu dịch vụ thông dịch xin gọi số 206-684-3000.

Seattle Public Utilities

# नई स्ट्रॉ तथा बर्तन अपेक्षाएं

हिंदी | Hindi

## सिएटल की खाद्य सेवा बर्तन आवश्यकताओं का सार: (SMC 21.36.086)

**नया**

**! प्लास्टिक की स्ट्रॉ तथा प्लास्टिक के बर्तनों पर प्रतिबंध 1 जुलाई, 2018 से लागू है।** सिएटल में खाद्य सेवा व्यवसायों पर प्लास्टिक की स्ट्रॉ तथा प्लास्टिक के बर्तनों का प्रयोग करने पर प्रतिबंध है। 1 जुलाई, 2018 से प्लास्टिक की स्ट्रॉ तथा प्लास्टिक के बर्तनों के लिए अस्थायी छूट समाप्त हो जाएगी, और खाद में परिवर्तित की जा सकने वाली स्ट्रॉ तथा खाद में परिवर्तित किए जा सकने वाले बर्तनों का प्रयोग किया जाना होगा।

**प्रतिबंधित**



निपटान किए जा सकने वाली प्लास्टिक की स्ट्रॉ

**अनुमत**



खाद में परिवर्तित की जा सकने वाली* कागज की स्ट्रॉ और खाद में परिवर्तित की जा सकने वाली* प्लास्टिक की स्ट्रॉ

**प्रतिबंधित**



निपटान किए जा सकने वाले प्लास्टिक के बर्तन

**अनुमत**



खाद में परिवर्तित किए जा सकने वाले* बर्तन

✔ 1 जुलाई, 2010 से खाद्य सेवा व्यवसायों पर परिसर में या बाहर निपटान किए जा सकने वाले खाद्य सेवा बर्तनों में उपभोग हेतु खाद्य पदार्थ बेचना या उपलब्ध कराना प्रतिबंधित है। परिसर में बैठ कर भोजन करने की सेवा के लिए प्रयोग की जाने वाली खाद्य पैकेजिंग खाद में परिवर्तित की जा सकने वाली होनी चाहिए और पैक करवाकर बाहर ले जाने के लिए खाद में परिवर्तित की जा सकने वाली या रिसाइकल करने योग्य पैकेजिंग का प्रयोग किया जा सकता है।

* अनुमोदित खाद में परिवर्तित की जा सकने वाली सामग्री का अर्थ है ऐसी पैकेजिंग और बर्तन जिन्हें किसी स्थानीय व्यावसायिक खाद सुविधा केंद्र पर जाँचा तथा अनुमोदित किया गया है।

**1 जुलाई 2018 से सिएटल में प्लास्टिक के बर्तन और प्लास्टिक की स्ट्रॉ प्रतिबंधित हैं।**

प्रयोग के लिए अनुमत बर्तनों में टिकाऊ या अनुमोदित खाद में परिवर्तित किए जा सकने वाले बर्तन और स्ट्रॉ शामिल हैं।

**Los utensilios de plástico y los popotes de plástico están prohibidos en Seattle a partir del 1ero de julio de 2018.**

Los únicos utensilios y popotes desechables que están permitidos para uso comercial son aquellos que tienen la etiqueta "compostable", los cuales están hechos de materiales que se pueden convertir en compost. Los utensilios y popotes reusables están permitidos.

Spanish | Español

**2018年7月1日開始，西雅圖禁止使用塑料餐具和塑料吸管。**

允許使用的餐具包括認可的可堆肥餐具和吸管。

Chinese | 中文

**Dụng cụ ăn (thìa, dĩa, đũa) và ống hút dùng một lần bằng nhựa sẽ bị cấm ở Seattle kể từ ngày 1 tháng 7 năm 2018.**

Các dụng cụ ăn dùng một lần được phép sử dụng bao gồm thìa, dĩa, đũa và ống hút được công nhận là có thể phân hủy được gọi là compostable.

Vietnamese | Tiếng Việt

**플라스틱 식기와 플라스틱 빨대는 2018년 7월**

서비스를 위해 사용이 허용된 식기는 오직 분해 가능한 것으로 승인된 식기와 빨대만 포함합니다.

Korean | 한국어

खाद में परिवर्तित किए जा सकने वाले अनुमोदित उत्पादों के ब्योरे के लिए निम्नलिखित पर जाएं:

**Seattle.gov/util/Green YourBusiness**